Regarding need to frame a Population Control Policy-Laid

श्री दिलीप शइकीया **(दारंग-उदालगुड़ी) :** इस समय विश्व में सबसे अधिक तेजी से जनसंख्या वृद्धि भारत में हो रही है और वर्तमान में ये भारत की सबसे बड़ी समस्या बन गयी है । क्षेत्रफल की दृष्टि से भी भारत की जनसंख्या बहुत अधिक है । इसके पीछे अशिक्षा, बेहतर चिकित्सा सुविधा, बाल विवाह, सामाजिक सुरक्षा, अंधविश्वास आदि जैसे बहुत से तर्क दिए जाते है, लेकिन अब समय इसके उचित निवारण का है । पूरे विश्व में हर साल 8 करोड़ की जनसंख्या वृद्धि होती है जिसमें से 2 करोड़ की वृद्धि अकेले भारत करता है । भारत में प्रति मिनट 52 बच्चे पैदा होते है । जनसंख्या वृद्धि हमेशा से ही भारत के लिए एक समस्या रही है और इसके कारण देश में अनके समस्याएं उत्पन्न हो रही है, जिनमें प्रमुख है पर्यावरण प्रदूषण, गरीबी, बेरोजगारी, भोजन, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं । इन समस्याओं से छुटकारा पाने और जनसँख्या नियंत्रण के लिए प्रयास करना अति आवश्यक है । केंद्र सरकार से अनुरोध करता हूँ कि देश में सीमित संसाधनों और स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं की उपलब्धता के आधार पर जनसँख्या विस्फोट जैसी स्थिति से देश को बचाने के लिए एक ठोस "राष्ट्रीय जनसँख्या नियंत्रण नीति" बनाये जाने पर विचार करें ।